राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (M–483) अलेसे– I/ 931 दिनांकः– 15.06.2020

## कार्यालय आदेश

श्री मोहन लाल शर्मा (लिंक न0 5530), सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय– वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी जल प्रदाय एवं सीवरेज प्रबंध मण्डल, जयपुर द्वारा अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर अनुरोध किया गया है कि उनका सही नाम "मोहन लाल" है, लेकिन वर्ष 1991 के बाद से विभागीय आदेशों/पत्रों में इनका नाम "मोहन लाल" के स्थान पर " मोहन लाल शर्मा" लिखा जा रहा है, अतः इनके नाम की विसंगति दूर की जावें।

श्री मोहन लाल की निजी पत्रावली का अध्ययन करने पर प्रकाश में आया कि विभागीय अधिसूचना दिनांक 22.04.1991 क्रम संख्या 666 पर इनका नाम "मोहन लाल" (सही नाम) अंकित था लेकिन इसके बाद जारी अधिसूचनाओं तथा अनेक विभागीय आदेशों में इनका नाम "मोहन लाल शर्मा" (गलत नाम) अंकित होता रहा है। श्री मोहन लाल के नियुक्ति [redacted] संबंधी अभिलेख यथा सैकण्डरी का प्रमाण–पत्र राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर का फार्म एवं नियुक्ति आदेश में इनका नाम "मोहन लाल" है।

अतः कार्मिक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 24.12.2019 पर विचार करने तथा कार्मिक की निजी पत्रावली से तथ्यों की पुष्टि करने के पश्चात् कार्मिक का नाम " **मोहन लाल शर्मा**" के स्थान पर "**मोहन लाल**" माने जाने तथा भविष्य में इसी नाम का प्रयोग एवं उल्लेख करने के आदेश जारी किये जाते है।

( मुकुन्द सोहोनी )
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क) (M–483) अलेसे– I/ 931 दिनांकः– 15.06.2020

**प्रतिलिपिः** निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी जल प्रदाय एवं सीवरेज प्रबंध मण्डल, जयपुर
2. श्री मोहन लाल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। कार्यालय वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी जल प्रदाय एवं सीवरेज प्रबंध मण्डल, जयपुर
3. निजी सचिव निदेशक महोदय।
5. उप निदेशक (ए.सी.पी.) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु
6. निजी पत्रावली/गार्ड फाइल/गोपनीय शाखा/डीपीसी शाखा/पदस्थापन सीट/वरिष्ठता सीट

( भवानी सिंह मीणा )
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक– I)